फर्द अहकाम
(नियम 26)
अज अदालत उपखण्ड अधिकारी, जैतारण (पाली)

प्रार्थी :– माधु पुत्र केसाराम –::बनाम::– अप्रार्थी :– तहसीलदार

किस्म मुकदमा :– राजस्व प्रा.पत्र नम्बर :–216/2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हक हुक्म की तामील में जारी हुए
07.07.23	प्रार्थी उपस्थित।	

राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्रशासन गांवो के संग अभियान केम्प लौटोती में पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी ने प्रा.पत्र अन्तर्गत धारा 136 RT Act. के तहत् पेश किया। प्रार्थी का प्रा. पत्र दर्ज रजिस्टर हो। प्रार्थी ने निवेदन किया कि मौजा– लौटोती में स्थित कृषि भूमि जमाबन्दी सं. 2077–80 के खातां सं. 565 व 904 में प्रार्थी की संयुक्त सहखातेदारी की भूमि हैं। जिसमें प्रार्थी का नाम माधु पुत्र केसा दर्ज है जबकि प्रार्थी के अन्य सभी दस्तावेजात में माधुराम पुत्र केसाराम हैं, प्रार्थी ने अपना अशुद्ध नाम माधु पुत्र केसा के स्थान पर माधुराम पुत्र केसाराम शुद्ध किये जाने का निवेदन किया हैं।

प्रशासन गांवो के संग अभियान लौटोती में मजमा–ए–आम में जानकारी प्राप्त की गई। पटवारी हल्का, भू. अ. निरीक्षक निम्बोल व तहसीलदार जैतारण ने जांच कर, प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें मौजा– लौटोती में स्थित कृषि भूमि खाता सं. 565 व 904 में संयुक्त खातेदारी की भूमि आयी हुई हैं। जिसमें प्रार्थी का नाम माधू पुत्र केसा दर्ज है जबकि प्रार्थी के अन्य सभी दस्तावेजात में माधुराम पुत्र केसाराम दर्ज हैं, प्रार्थी का नाम माधु पुत्र केसा के स्थान पर माधुराम पुत्र केसाराम शुद्ध किये जाने की अभिशंषा की हैं।

अतः उपर्युक्त विवेचन के आलोक में प्रार्थी का प्रा. पत्र स्वीकार किया जाता हैं। पटवारी हल्का, भू. अ. निरीक्षक निम्बोल व तहसीलदार जैतारण की अभिशंषा के आधर पर मौजा– लौटोती में स्थित कृषि भूमि खाता सं. 565 व 904 में प्रार्थी के नाम की त्रुटिपूर्ण एवं अशुद्ध प्रविष्टि माधु पुत्र केसा को विलोपित करते हुये इसके स्थान पर खातेदार का सही एवं वास्तविक " माधुराम पुत्र केसाराम " दर्ज करते हुये तहसीलदार जैतारण को इसी अनुरूप भू–अभिलेख अद्यतन किये जाने हेतु निर्देशित किया जाता हैं, अन्य प्रविष्टियां यथावत रहेगी। आदेशिका की प्रति तहसीलदार, जैतारण को भेजकर पालना मंगवाई [illegible] होकर नम्बर से कम हो। बाद [illegible] दाखिल दफ्तर/लेख्य भण्डार जमा हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Shyam Sundar Bishnoi
Date: 2023.12.11 12:29:35 IST
Reason: SelfAttested

(श्याम सुन्दर बिश्नोई)
SDO
उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन
सहायक कलक्टर जैतारण (पाली)